# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.01.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- पूरे देश में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है।
- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं से मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।
- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम सात बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देश के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।
- भारत समुद्र के अंदर अपने पहले मानव चालित सब–मर्सिबल को तैनात करने की तैयारी कर रहा है।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन समाज में बालिकाओं के अधिकार, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से भारत में पहली बार दो हजार आठ में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिवस बाल विवाह, भ्रूण हत्या और लैंगिक असमानता जैसे गंभीर मुद्दों को समाप्त करने की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और लड़कियों को समान अवसर देने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। भारत सरकार ने बालिकाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी शुरू की हैं, जिनमें सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, नंदा देवी कन्या योजना, सी बी एस ई उड़ान योजना आदि शामिल हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक है– बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाईस जनवरी दो हजार पन्द्रह को की थी। इसका उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, उनके अधिकार और उन्हें विकास के सभी अवसर उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस दो हजार पच्चीस का विषय है–उज्जवल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण।

<><><><><><><>

पूरे देश में कल पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बूथ स्तर, तहसील स्तर और ज़िला स्तर मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम है "मतदान से बढ़कर कुछ नहीं, मैं जरूर वोट दूंगा"। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी काले अमित मारूति राव ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करके मतदाता नामांकन में वृद्धि करना है। भारत के चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में, मुख्य निर्वाचन कार्यालय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर कर्मचारियों को शपथ दिलाई जाएगी। कॉलेजों में मतदाता दिवस के विषय पर ड्राइंग, स्किट, निबंध, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आकाशवाणी, दूरदर्शन, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता भी फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि फोटोयुक्त मतदाता सूची–दो हजार पच्चीस का विशेष सारांश संशोधन किया गया।

अंतिम सूची के अनुसार द्वीपों में कुल तीन लाख ग्यारह हजार पांच सौ छः मतदाता हैं, जिनमें से एक लाख इकसठ हजार दो सौ छब्बीस पुरुष और एक लाख पचास हजार दो सौ छियहत्तर महिलाएं हैं, जबकि ट्रांसजेंडर की संख्या चार है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की जारवा जनजाति को पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया गया, जो राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में उनके एकीकरण का प्रतीक है। आम जनता के लिए चुनावी गतिविधियों के संबंध में सहायता सुनिश्चित करने के लिए, राज्य संपर्क केंद्र और ज़िला संपर्क केंद्र में एक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर एक नौ पांच शून्य स्थापित किया गया है, जो कार्यालय समय के दौरान कार्य दिवस पर काम करेगा। काले अमित मारूति राव ने अट्ठारह–उन्नीस वर्ष की आयु के युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि वे मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने और आयोग की थीम को पूरा करने के लिए खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत करें। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और मीडिया से भी अनुरोध किया है कि वे इस संबंध में अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग दें।

<><><><><><>

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कल फीनिक्स बे जेट्टी पर लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुबह छः बजे मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा जहाज़रानी निदेशालय परिसर और मरीन डॉकयार्ड में भी दिन में ग्यारह बजे शपथ दिलाई जाएगी।

<><><><><><>

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम सात बजे से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देश के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। इसे देखते हुए कल शाम का प्रादेशिक समाचार शाम सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर शाम छः बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी श्री विजयपुरम रात्रि दस बजे से विशेष कार्यक्रम सर्व भाषा कवि सम्मेलन का प्रसारण करेगा, जो आकाशवाणी दिल्ली से रिले किया जाएगा।

<><><><><><>

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन के लिए कल सुबह साढ़े सात से साढ़े नौ बजे तक मरीना पार्क क्रॉसिंग और गर्ल्स स्कूल ट्रैफिक जंक्शन से महाबीर सिंह रोड के बीच वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शाम छः बजे परिषद के हिन्दी भवन में द्वीपों के जाने–माने कवि एवं कवयित्री अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

<><><><><><>

भारत समुद्र के अंदर अपने पहले मानव चालित सब–मर्सिबल को तैनात करने की तैयारी कर रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कल नई

दिल्ली में पृथ्वी भवन में डीप ओशन मिशन संचालन समिति की बैठक में कहा कि इस वर्ष पांच सौ मीटर तक की गहराई के लिए तैयार सब–मर्सिबल को लांच कर दिया जाएगा। अगले वर्ष इसकी पहुंच छह हजार मीटर तक करने की योजना है। डीप ओशन मिशन का उद्देश्य जलीय संसाधनों का पता लगाना और देश की समुद्री अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य ऐसी दुर्लभ धातुओं और समुद्री जैव–विविधता का पता लगाना भी है, जिनके आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव हैं।

<><><><><>

हिन्दू राष्ट्र शक्ति के अध्यक्ष राकेश्वर लाल और अन्य अधिकारियों ने अवकाश प्राप्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी और डेरीफार्म निवासी गोविन्द किशन के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे उन्यासी वर्ष के थे। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से निकाली जाएगी।

<><><><><>

सीप्पीघाट में एच टी और एल टी लाईनों के रख–रखाव का कार्य किए जाने के कारण कल बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सीप्पीघाट, छोलदारी, पोर्ट मोट, ओग्राब्राज, टुसनाबाद, नमूनाघर, मीठाखाड़ी, हाथी टापू, डंडस प्वाइंट और तिरूर के क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से दिन में ग्यारह बजे तक बिजली की कटौती रहेगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><>

तेईसवीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप–दो हजार पच्चीस सत्रह से बीस फरवरी तक चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार इक्कतीस जनवरी को राज्य चैम्पियनशिप सह चयन ट्रायल का पुनर्निर्धारण करने जा रहा है। सभी इच्छुक पैरा एथलीट, जिन्होंने अपना प्रवेश पंजीकृत नहीं कराया है, उनको तीस जनवरी से पहले नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक कार्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ अपना नाम पंजीकृत करवाने को कहा गया है। चयनित एथलीटों को किसी भी पी सी आई मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भारतीय पैरा समिति की आई डी संख्या प्राप्त करने हेतु एन एस आर एस पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

<><><><><>